

# जल संकट के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

## पीएचई कार्यालय परिसर में मटके फोड़कर धरना प्रदर्शन कर किया विरोध प्रकट



**झाबुआ। जिलेभर में लगातार हो रही जल की कमी फर्जी टंकी घोटाला नल-जल योजना में भ्रष्टाचार कर निर्माण की गई टंकियों में पीएचई विभाग द्वारा की जा रही अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेसी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में बंद पड़े हुए हेडपंपों की मरम्मत की मांग व अन्य जल संबंधी समस्याओं को तुरंत दूर करने की मांग कर रहे थे।**

धरना प्रदर्शन के पूर्व कांग्रेस नेताओं द्वारा हेड पंप की अर्थी गोपाल कॉलोनी से राजगढ़ नाके तक निकाली गई। कांग्रेस कार्यकर्ता राम नाम सत्य है भाजपा सरकार भ्रष्ट है..., बिजली पानी दे ना सकी वह सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है। वह सरकार बदल नी है के नारों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर पीएचई कार्यालय परिसर में महिलाओं द्वारा मटके फोड़ कर विरोध प्रकट किया गया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने कहा कि झाबुआ जिला आदिवासी बहुल जिला है जिसकी भौगोलिक स्थिति अन्य जिलों से विपरीत है। भाजपा सरकार ने बगैर सोचे समझे नल जल योजना लागू की जिसकी कार्य योजना पूर्ण रूप से नहीं बनाई गई। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसी को भी योजना का फायदा नहीं पहुंचा है बल्कि भ्रष्टाचार का नंगा नाच ग्रामीण क्षेत्रों में टंकियां निर्माण कर खेला गया है, जिसमें पानी की एक भी बूंद नहीं वही हेड पंप भी कई क्षेत्रों में बंद पड़े हुए हैं जिसका सुधारीकरण कार्य के प्रति पीएचई विभाग द्वारा उदासीनता बरती जा रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक डॉक्टर विक्रांत भूरिया ने कहा कि भाजपा सरकार और पीएचई विभाग आदिवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। ऐसी प्रचंड गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। नल जल योजना के नाम पर डिडोरा पीटने वाली सरकार जिसने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी है, लगभग 800 टंकियों का निर्माण किया गया। पानी का स्रोत नहीं होने से टंकियां पूरी खाली पड़ी हुई है। कई जगह तो पाइपलाइन ही नहीं डली है और कागजों पर सब काम को कंप्लीट बताया जा रहा है आज क्षेत्र में लोग पानी के लिए भटक रहे हैं हेडपंप बंद पड़े हैं, उसकी मरम्मत के लिए कार्य योजना नहीं बनाई गई।

### हेंड पंप सुधारने के लिए पार्ट्स भी नहीं मिले...

हेडपंप संधारण सामग्री जीपीएस। वाहन की व्यवस्था भी नहीं है वही पी एच ई विभाग के अधिकारी ठेकेदारों की मिली भगत से चारों ओर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और क्षेत्र की जनता पानी के लिए तरस रही है कांग्रेस पार्टी क्षेत्र में पानी की समस्याओं का समाधान चाहती है उसे शीघ्र पूर्ण करें अन्यथा कांग्रेस पार्टी को महा आंदोलन करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

**धरना प्रदर्शन में थांदला विधायक वीर सिंह भूरिया**- जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका, पूर्व विधायक जेवियर मेडा, वाल सिंह मेडा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल भाबर उपाध्यक्ष अकमल डामोर, हेमचंद डामोर, श्वेता गंगा मोहनिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल जितेंद्र सिंह राठौर रूप सिंह डामोर कालू सिंह नलवाया ललिता मुकेश मुनिया सुरेंद्र ग्रवाल लोकेंद्र बिलवाल कैलाश डामोर खून सिंह गुंडीया हीरालाल डाबी नटवर डोडियार नर्वेश अमलियार किलू भूरिया वसीम सैयद विशाल राठौर सुनीता अलावा शीला भूरिया रजनी चौहान बबलू कटारा, सायरा बानो, मालू डोडियार दीपू डोडियार ने भी आयोजित धरना प्रदर्शन में भागीदारी सुनिश्चित की धरना प्रदर्शन का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष यामीन शेख ने किया वही आभार प्रकट प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक

**आलीराजपुर । प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के तहत चयनित ग्रामों की ग्राम विकास योजना (वीडीपी) के अनुमोदन एवं आदर्श ग्राम निर्माण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।**



बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संजय परवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम नानीबढ़ोई, ग्राम पंचायत खामडका एवं ग्राम सामरा, ग्राम पंचायत सामरा का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों का एकीकृत एवं समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उक्त चयनित ग्रामों के समग्र विकास के लिए तैयार की गई ग्राम विकास योजना (वीडीपी) का अनुमोदन जिला स्तरीय अभिसरण समिति द्वारा किया जाना है। कलेक्टर माथुर ने आदर्श ग्राम के लिए आवश्यक प्रमुख संकेतकों जैसे पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, ग्रामीण सड़क, आवास, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं पर समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को चयनित ग्राम सामरा एवं नानीबढ़ोई का संयुक्त भ्रमण कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ढंकी हुई नालियों, पेयजल की समुचित व्यवस्था, सोक पिट, विद्युत सुविधा तथा पक्की सड़क जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**आलीराजपुर।** कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग आलीराजपुर ने बताया कि सुप्रीम कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 215 (3) में दिये गये प्रावधानुसार सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में मई माह हेतु उक्त बैठक का आयोजन कलेक्टर सभागार में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में 15 मई को सुबह 11 बजे होगी।

# ह्यूमैनिटीज में रुद्राक्षी ने फहराया परचम, 93 .2 फीसदी लाकर बढ़ाया आलीराजपुर का मान


**आलीराजपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ष्क्क्स्थ की 12वीं कक्षा के परिणामों में अलीराजपुर की होनहार छात्रा रुद्राक्षी नीरजा पियूष चंदेल ने शानदार सफलता हासिल की है। रुद्राक्षी ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे असाडा राजपूत समाज का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि ह्यूमैनिटीज सब्जेक्ट अलीराजपुर में नहीं होने से छात्र बड़ौदा पढ़ने गई और बड़ौदा में परचम लहराया।



अपनी इस उपलब्धि का श्रेय रुद्राक्षी ने अपने स्वर्गीय पिता के अधूरे सपनों और उनके आशीर्वाद को दिया है। भावुक होते हुए रुद्राक्षी ने बताया कि उनके पिता का सपना था कि वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल करें। इस सफलता के पीछे उनकी माता नीरजा चंदेल का निरंतर प्रोत्साहन, अटूट साथ और स्नेह रहा है, जिन्होंने पिता के जाने के बाद भी रुद्राक्षी के हौसलों को कभी कम होने नहीं दिया। आगामी योजनाओं के बारे में बताते हुए रुद्राक्षी ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य सिविल सेवा (क्क्स्ट) में जाकर देश की सेवा करना है। वह अभी से इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर आगे की पढ़ाई और तैयारी की रणनीति बना रही हैं। रुद्राक्षी की इस कामयाबी पर उनकी बुजुर्ग दादी ने आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, उनकी नानी, मौसी, अन्य परिजनों, शिक्षक गणों और मित्र मंडल ने उन्हें बधाई दी है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर असाडा राजपूत समाज, बड़ौदा एवं अलीराजपुर के समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि रुद्राक्षी ने अपनी कड़ी मेहनत से बेटियों के लिए एक मिसाल पेश की है। पूरे समाज और शुभचिंतकों की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं। छात्रा बोली मेरी सफलता के पीछे मेरी माँ का संघर्ष और पिता का आशीर्वाद है। अब मेरा अगला लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करना है।

# पेटलावद में जनता की मुसीबत... पोस्ट ऑफिस और नगर परिषद में कैशलेस पेमेंट की अनदेखी

**पेटलावद।** डिजिटल इंडिया और कैशलेस व्यवस्था को बढ़ावा देने के सरकारी दावों के बीच आम जनता आज भी परेशानियों का सामना कर रही है। पेटलावद नगर के पोस्ट ऑफिस और नगर परिषद कार्यालय में अब तक कैशलेस पेमेंट की प्रभावी व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों का कहना है कि पोस्ट ऑफिस में स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, बचत खाता और अन्य सेवाओं के लिए केवल नकद भुगतान ही स्वीकार किया जाता है।




कई बार लोगों के पास पर्याप्त नकदी नहीं होने पर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। वहीं यूपीआई, कार्ड पेमेंट या क्यूआर कोड जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से डिजिटल भुगतान करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। इसी तरह नगर परिषद कार्यालय में टैक्स जमा करने, जलकर और अन्य शुल्कों के भुगतान के दौरान भी कैशलेस व्यवस्था की कमी देखने को मिल रही है। जब देशभर में ऑनलाइन और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दिया जा रहा है, तब पेटलावद के सरकारी कार्यालय पुराने ढर्रे पर काम कर रहे हैं। कुछ व्यापारियों और युवाओं ने मांग की है कि पोस्ट ऑफिस और नगर परिषद दोनों जगह तत्काल यूपीआई, कार्ड पेमेंट और ऑनलाइन भुगतान की सुविधाएं शुरू की जाएं, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिल पाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिजिटल सुविधाओं की कमी के कारण कई बार छोटे भुगतान के लिए भी खुले पैसे की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे बुजुर्गों और आमजन को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि डिजिटल इंडिया अभियान को धरातल पर उतारते हुए सभी सरकारी कार्यालयों में कैशलेस भुगतान व्यवस्था अनिवार्य की जाए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम आम्बी में किया जनजागरूकता कार्यक्रम

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण अंतर्गत आज विकासखंड सोंडवा के ग्राम आम्बी में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान 28 मार्च 2026 से 4 जून 2026 तक जिलेभर में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन हेतु जनसहभागिता को बढ़ावा देना है।



कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम आम्बी में बैठक एवं संगोष्ठी आयोजित कर ग्रामीण जनों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित ग्रामीणों को दैनिक जीवन में जल के सदुपयोग एवं जल बचत के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था एवं समिति सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रेरणादायक नारों एवं जनसंवाद के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया गया। सभी ग्रामीणों ने जल स्रोतों के संरक्षण एवं अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी, नवांकुर संस्था के सदस्य, समिति प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**एक नजर में**

**तीर कमान और गौ माता का मंदिर भेंट कर जैन ने किया मालवा के संत का सम्मान**

# कलयुग में माता-पिता का दर्शन ही भगवान का स्वरूप है : पं. कमल किशोर नागर

मेघनगर । घर में अगर बुजुर्ग है तो उनकी सेवा करो बुजुर्गो की सेवा करने से भगवान मिल जाते हैं....भगवान उसी घर मे रहते है जिस घर मे मातापिता की सेवा होती हैं....कलयुग में माता पिता का दर्शन ही भगवान का दर्शन हैं 50 से 60 वर्ष की आयु में घर के काम छोड़ तीर्थ पर जाना चाहिये किसी से भी मिलो प्रेम से मिलो क्या पता किस रूप में भगवान मिल जाएं जब-जब समय हो मंदिर आते जाते रहना चाहिए भगवान से पूरे भाव से निश्छल मन से बार-बार आग्रह करने पर वह रीझ जाते हैं निरंतर भजनों में भक्ति भाव में डूबे रहने का प्रयास करना चाहिऐ तीन जगह हमेशा जाते रहना चाहिए हैं जहां डर हो जहां डर हो जहां मंदिर हो एक न एक दिन भगवान के दर्शन जरूर हो जाते हैं उपरोक्त बातें मालवा के संत पंडित कमल किशोर नागर जी ने बुधवार को श्री वनेश्वर माष्ति नंदन हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कहीं उन्होंने भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति को देखते हुए कहा कि मेघनगर फुटतालाब और आसपास के क्षेत्र के महिलाएं कथा की रसिक हैं और वह बहुत सम्मान और आदर के साथ कथा को सुनने के लिए अनुशासन में यहाँ पहुंचती है इसके लिये मैं आयोजन कर्ताओं को बधाई देता हूँ बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म उत्सव में कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु भावुक दिखाई दिए सभी ने नंद के लाला के दर्शन किए और भजन पर झूमते हुए भक्ति रस में डूबते हुए नजर आए।



### भक्ति में डूबे श्रद्धालु

श्रीनागर ने तीर्थ दर्शन का महत्व बताते हुए भजन चलो रे मन वृंदावन धाम वहाँ मिलेंगे बाँके बिहारी भी गाया...बुधवार को विशेष रूप से मध्य प्रदेश के समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन और उनके पूरे परिवार ने संत श्री कमल किशोर नागर जी का तीर कमान व गौ माता के मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन और सम्मान किया। जैन फुटतालाब पर चल रही कथा और उसमें आ रहे हजारों लोग को देखकर अभिभूत और प्रसन्न दिखाई दिए। जैन ने धर्मलाभ लेने की अपील की है।

**एक नजर में**

## आत्मा अजेय है, इसे न कैद किया जा सकता है न पीड़ा दी जा सकती है : साध्वी नेहा प्रभाजी

**पेटलावद।** स्थानीय जैन स्थानक में धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी श्री नेहा प्रभा जी ने सांसारिक मोह और अध्यात्म के गूढ़ संबंधों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन भर काया, कंचन, कामिनी और यश-कीर्ति के मोह में फंसा रहता है, जो उसे आगम और धर्म रूपी वास्तविक धन से दूर रखता है। जब व्यक्ति इन नश्वर वस्तुओं से मोह हटा लेता है, तभी उसे वह धर्म प्राप्त होता है जो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। साध्वी जी ने शरीर की नश्वरता पर चोट करते हुए कहा कि प्राण निकलते ही जिस शरीर को घर से बाहर निकाल दिया जाता है, उसके लिए संचित की गई संपत्ति और परिवार का मोह व्यर्थ है। संसार की यश-कीर्ति ईश्वर और गुरु के चरणों में अर्जित की गई कीर्ति के सामने शून्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शरीर को तो कैद और पीड़ा दी जा सकती है, लेकिन आत्मा इन सबसे परे और मुक्त है, इसलिए मन को हमेशा आत्मा से जोड़कर रखना चाहिए। साध्वीजी ने दान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उदाहरण दिया कि जिस प्रकार जमीन में दबा हुआ बीज एक विशाल फलदार वृक्ष बनता है, उसी प्रकार गुप्त रूप से किया गया दान अनंत फलदायी होता है। मोक्ष प्राप्ति का सरल सूत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि केवल भगवान या गुरु को मानना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके द्वारा दिखाई गई आज्ञा और मार्ग पर चलना ही वास्तविक धर्म है। इसी सभा में साध्वी गुणज्ञा जी ने खुशबू, गंगा और मेरु पर्वत का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार अनंत नदियों में गंगा श्रेष्ठ है, उसी प्रकार अनंत जन्मों के बीच वही जीवन सफल है जो मोक्ष के लिए पुरुषार्थ करता है। नगर में वर्तमान में धर्म की गंगा प्रवाहित हो रही है। इसी क्रम में आचार्य पूज्य रामलाल जी महाराज साहब के अज्ञानुवर्ती संत श्री यश प्रभ जी, संत श्री अनन्य मुनि जी और संत श्री राज रतन मुनि जी का थांदला की ओर विहार हुआ। वहीं साध्वी श्री प्रेम लता जी, कुसुम लता जी और अंगूर बालाजी का रायपुरिया की ओर विहार हुआ है। वर्तमान में पेटलावद गौरव साध्वी श्री अनुपम शीला जी, नेहा प्रभा जी, सद्गुण जी, प्रतिज्ञा जी, प्रणिधि जी, भक्ति श्री जी और अर्पणा जी सहित ठाणा आठ नगर में विराजित हैं, जिनके सानिध्य में धर्म का ठाठ लगा हुआ है।

## ज़ाइस विज़न सेण्टर किया लॉन्च

इंदौर. ज़ाइस ने इंदौर में न्यू लुक ऑप्टिक्स द्वारा संचालित ज़ाइस विज़न सेण्टर के लॉन्च की घोषणा की है. यह लॉन्च मध्य प्रदेश में पहला ज़ाइस विज़न सेण्टर है, जो ज़ाइस इंडिया की रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करते हुए उभरते बाजारों में उन्नत विज़न केयर समाधानों की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. प्लॉट नंबर बी 81, पिपलियाहाना, ग्रेटर ब्रजेश्वरी में स्थित यह सेंटर ग्राहकों को एक व्यापक एवं उन्नत आई केयर अनुभव प्रदान करता है. ज़ाइस विज़न सेण्टर बाय न्यू लुक ऑप्टिक्स के संयुक्त मालिक वीपी अग्रवाल, विशाल गर्ग, और सार्थक अग्रवाल ने कहा हमने इंदौर क्षेत्र में बेहतर रिटेल अनुभव की स्पष्ट आवश्यकता देखी. मेट्रो शहरों और इंदौर में ग्राहकों को मिलने वाली सेवाओं के बीच एक स्पष्ट अंतर है, और ज़ाइस विज़न सेण्टर बाय न्यू लुक ऑप्टिक्स इसी अंतर को कम करने का प्रयास करेगा. ज़ाइस इंडिया के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से हम इंदौर में ज़ाइस विज़न सेण्टर लेकर आए हैं, जिससे विश्वस्तरीय प्रिसिजन ऑप्टिक्स और कस्टमाइज्ड आईवियर अब अधिक सुलभ होंगे.

## इंडिया फर्स्ट लाइफ ने लॉन्च किया गोल्ड प्लस

इंदौर. इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडिया फर्स्ट लाइफ) ने आज इंडियाफर्स्ट लाइफ गोल्ड प्लस प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, इंडिविजुअल लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स प्लान है, जिसे जीवन के हर पड़ाव पर ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. यह बचत और नियमित आय की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट और अन्य जीवन लक्ष्यों की योजना बनाने तथा लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करता है. लॉन्च पर इंडियाफर्स्ट लाइफ के एमडी एवं सीईओ रुशभ गांधी ने कहा, आज के ग्राहक विकास से समझौता किए बिना निश्चितता चाहते हैं. इंडियाफर्स्ट लाइफ गोल्ड प्लस प्लान के साथ हम इन दोनों जरूरतों को एक साथ पूरा कर रहे हैं. यह प्लान आय और मैच्योरिटी पर गारंटीड लाभ के साथ-साथ इक्विटी एक्सपोजर द्वारा समर्थित असीमित बढ़त की संभावना भी प्रदान करता है.

## ग्राहकों को सिर्फ ड्रिंक ही नहीं, बेहतर अनुभव की भी तलाश

इंदौर. भारतीय बेवरेज मार्केट तेजी से बदल रहा है. अब ग्राहक सिर्फ नाम या कीमत नहीं, बल्कि क्वालिटी, अनुभव और बेहतर विकल्पों की भी तलाश कर रहे हैं. इसी बदलती पसंद के बीच मध्य प्रदेश की 40 साल पुरानी कंपनी ग्रेट गैलियन वेंचर्स लिमिटेड (जीजीवीएल) अब अपने नए कंज्यूमर ब्रांड्स के साथ बाजार में नई पहचान बनाने की तैयारी कर रही है. प्रोडक्शन, कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग और सस्टेनेबल पैकेजिंग में मजबूत अनुभव रखने वाली जीजीवीएल अब अपने खुद के भारतीय ड्रिंक्स पोर्टफोलियो पर फोकस कर रही है. ग्रेट गैलियन वेंचर्स लिमिटेड के वीपी- बिज़नेस ग्रोथ, उत्सव केडिया ने कहा आज ग्राहक कम कीमत में भी बेहतर क्वालिटी और प्रीमियम अनुभव चाहते हैं. हमारा प्रयास ऐसे प्रोडक्ट्स तैयार करना है, जो स्वाद, गुणवत्ता और वैल्यू के बीच सही संतुलन बना सकें. कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में वी21 प्रीमियम, रास्कल आरटीडी, बिग बुल रम और रिट्ज प्रीमियम व्हिस्की जैसे कई ब्रांड्स विकसित किए हैं. अब इसी पोर्टफोलियो में 'बैच मास्टर व्हिस्की' को भी शामिल किया गया है.

## एमेज़ॉन डिलीवरी एसोसिएट्स को हैल्थ कवरेज देगा

इंदौर. आज एमेज़ॉन इंडिया ने भारत में अपने ऑपरेशन नेटवर्क में काम करने वाले लगभग 90,000 डिलीवरी एसोसिएट्स को हैल्थ एवं इंश्योरेंस बेनेफिट्स प्रदान करने की घोषणा की. इन बेनेफिट्स में रूटीन मेडिकल खर्चों के लिए ओपीडी कवरेज, इन-पेशेंट केयर के लिए हॉस्पिटलाईज़ेशन सपोर्ट और अस्थायी या स्थायी विकलांगता होने पर मुआवजा शामिल है, ताकि तत्कालिक मेडिकल जरूरतों और चोट के कारण होने वाले आय के नुकसान का कवरेज उन्हें मिल सके. ये बेनेफिट्स सभी लास्ट-माईल प्रोग्राम्स के एसोसिएट्स के लिए शुरू किए जाएंगे. एमेज़ॉन इंडिया में डायरेक्टर-ऑपरेशंस, सलीम मेमन ने कहा हम भारत में अपने ऑपरेशन नेटवर्क, इन्फ्रास्ट्रक्चर और फ्रंटलाईन स्टाफ में लगातार निवेश कर रहे हैं. हमारे लिए हमारे डिलीवरी एसोसिएट्स की सेहत व सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हम उनके लिए ओपीडी, हॉस्पिटलाईज़ेशन और एक्सीडेंट बेनेफिट्स का कवरेज बढ़ाएंगे ताकि उन्हें ज्यादा विस्तृत सपोर्ट मिल सके. हम पूरे देश में हैल्थ कैंपों का आयोजन भी कर रहे हैं, ताकि उन्हें फ्री चेकअप और प्रिवेंटिव केयर उपलब्ध हो सकें.

## कैनन इंडिया ने इमेजफोर्स सी3150 का लॉन्च किया

इंदौर. कैनन इंडिया ने आज इमेजफोर्स सी3150 का लॉन्च किया। यह बड़े उद्यमों, एस.एम.ई, सरकारी संगठनों और कॉपी शॉप मालिकों के लिए बनाई गई एक हाई-परफॉर्मेंस ए3 कलर मल्टीफंक्शन डिवाइस है, जो प्रति मिनट 50 पेज तक का तेज कलर आउटपुट प्रदान करती है. इमेजफोर्स सी3150 भारी और बहुत ज्यादा मात्रा में प्रिंटिंग के लिए लगातार शानदार क्वालिटी, विश्वसनीयता और मीडिया फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करता है. कैनन इंडिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ तोशियाकी नोमुरा ने कहा कैनन इंडिया में हमारा उद्देश्य लगातार अपने बिज़नेस इमेजिंग पोर्टफोलियो को मजबूत बनाना है, ताकि हम भारत में मौजूद एंटरप्राइज़, संस्थानों और व्यवसायों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें. इमेजफोर्स सी3150 ए3 कलर एमएफडी के लॉन्च से ग्राहकों को अपनी प्रिंटिंग क्षमता बढ़ाने में मदद करने के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है.

## हिंदी ज़ी5 ने सतरंगी-बदले का खेल का ट्रेलर लॉन्च किया

इंदौर. ज़ी5 ने अपनी नई हिंदी मूल ड्रामा श्रृंखला सतरंगी- बदले का खेल का ट्रेलर जारी कर दिया है, यह कहानी ग्रामीण उत्तर प्रदेश के सामंती माहौल पर आधारित है. इस श्रृंखला में अंशुमान पुष्कर, कुमुद मिश्रा, महवश, उपेन चौहान और कशिश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे. श्रृंखला का निर्देशन जय बसंतू सिंह ने किया है और इसका निर्माण आरएनडी फिल्म एलएलपी ने किया है. यह श्रृंखला 22 मई 2026 को प्रदर्शित होगी.